




# सरपंच पति व विमं कर्मियों बीच विवाद

## सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों की ओर से वीडियो वायरल, बंडा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लिया मामला

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त. बंडा विकासखंड की ग्राम पंचायत बरा में सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह लोधी के साथ हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है.**

सोशल मीडिया पर वायरल मारपीट के वीडियो के बाद दूसरा वीडियो भी सामने आया, जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने का दावा किया जा रहा है. बंडा क्षेत्र के सरपंच संघ ने घटना को लेकर बंडा एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. जानकारी के अनुसार सामने आए पहले



वीडियो में सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह लोधी सड़क पर दिखाई दे रहे हैं और कुछ लोग उनके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं. बताया गया कि लोधी बाइक से जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें रोककर विवाद किया गया. आरोप है कि मारपीट के दौरान उन्हें जमीन पर गिरा दिया गया और लात-घूंसों से पीटा गया. आसपास के लोगों के पहुंचने के बाद बीच-बचाव कर उन्हें बचाया गया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ. मारपीट के बाद घायल लक्ष्मण सिंह को बंडा के अस्पताल ले जाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सागर जिला अस्पताल रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है. घायल ने बिजली विभाग से जुड़े कुछ कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप लगाया है. श्री सिंह का कहना है कि वह गांव में बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठा रहे थे। उनका आरोप है कि बिजली संबंधी शिकायतों को उठाने को लेकर ही उनसे विवाद किया गया और बाद में मारपीट की गई.

घटना के बाद अब बंडा क्षेत्र के सरपंच संघ ने अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह हिंडोरिया के नेतृत्व में बंडा एसडीओपी प्रदीप बाल्मिकी को ज्ञापन सौंपा है. संघ ने सरपंच प्रतिनिधि के साथ हुई मारपीट की घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की



मांग की है. सरपंच संघ का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों के साथ इस तरह की घटनाएं गंभीर हैं. संघ ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. ज्ञापन के जरिए यह भी कहा गया कि मामले में कार्रवाई जल्द हो, ताकि पंचायत प्रतिनिधियों में सुरक्षा को लेकर किसी तरह का भय न रहे. घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व कांग्रेस विधायक तरवर सिंह लोधी अस्पताल पहुंचे और घायल लक्ष्मण सिंह का हालचाल जाना. उन्होंने मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से फोन पर बातचीत कर कार्रवाई की मांग की. दो वीडियो सामने आने और सरपंच संघ के ज्ञापन के बाद मामले में पुलिस जांच महत्वपूर्ण हो गई है. पुलिस जांच और आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि बरा में विवाद की वास्तविक शुरुआत कहां से हुई और मारपीट की घटनाओं में कौन-कौन लोग शामिल थे.

# जलभराव की स्थिति में मैदान में उतरे अधिकारी

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया.**

कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के सत्यापन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए. साथ ही पीएम आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को उनके क्रम के संबंध में स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी देने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए. कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन व राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया. सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत जो कार्य वाजिब है और वैधानिक रूप से किए जा सकने वाले हैं, उन्हें तत्काल पूर्ण कर नियमविरुद्ध शिकायतों को बंद करें.



सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को बारिश के बाद स्वयं फील्ड में उतरकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए गए. शहर में जहां भी जलभराव या अन्य समस्याएं हैं, वहां तत्काल पानी की निकासी कराने और व्यवस्था सुधारने को कहा गया. खाद्य विभाग को लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए. वहीं, सीएमएचओ को सभी डिलीवरी पॉइंट्स पर प्रसव के 24 घंटे के भीतर पोर्टल पर डिलीवरी स्टेटस अपडेट करने के निर्देश दिए. कलेक्टर श्रीमती पाल ने सीईओ जनपद पंचायत को समग्र आईडी से संबंधित लंबित प्रकरणों का नियमित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए. विशेष रूप से जिन गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी नहीं बनी है, उनकी आईडी तत्काल बनवाकर अपडेट करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त जल निगम, कृषि, महिला एवं बाल विकास, श्रम और शिक्षा विभाग के लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर ने आरबीसी के तहत लंबित राहत प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करने तथा भू-अर्जन से संबंधित मामलों में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

## एक नजर में



### नगड़िया-मृदंग की थाप पर सैरा नृत्य

**राहतगढ़.** कजलिया पर्व के चलते ग्राम शिकारपुर में बुंदेलखंड की पारंपरिक लोककला सैरा की प्रस्तुति हुई. आसपास के क्षेत्रों से आई सैरा मंडलियों ने नगड़िया और मृदंग की थाप पर नृत्य प्रस्तुत किया. मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती हुई. स्थानीय लोगों के अनुसार कजलिया पर्व पर सैरा नृत्य की परंपरा बुंदेलखंड में लंबे समय से चली आ रही है. अजीत यादव ने बताया कि इस आयोजन से लोगों का आपसी मेल-जोल बढ़ता है और भाईचारे व समरसता का संदेश मिलता है.




### सेवानिवृत्त कर्मचारी का हुआ सम्मान

**सागर.** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने ननि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत श्रीमती कांति पुरुषोत्तम के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया. निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति कर्मचारी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है. इस अवसर पर सुदेश सनकत, राजेंद्र सनकत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन

**सागर.** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया. महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मेघा दुबे के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेश केसरवानी, वरिष्ठ पुजारियों,पुरोहितों और पुलिस प्रशासन की रिटायर्ड डीएसपी अरुण दुबे की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा. कार्यक्रम में पंडित पुरोहित पुजारी संघ के अध्यक्ष शिवप्रसाद तिवारी ने इस अनूठी पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की. भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. याकृति जड़िया ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पावन पर्व हमारी सनातन संस्कृति के गौरव और नारी शक्ति के अटूट संकल्प का प्रतीक है. संचालन महामंत्री विकास केसरवानी ने किया. इस अवसर पर दुर्गेश दुबे,जयराम उपाध्याय, गौरव दीक्षित,जयदीप चौबे, कपिल मिश्रा, त्रिलोक तिवारी, नीलेश तिवारी, विष्णु साहू,अब्बी साहू, असित तिवारी, मीत स्वर्णकार अमित नामदेव, मूरत पटेल, लक्ष्मण पटेल, जयश्री रैकवार, उर्मिला सहारे ममता अहिरवार, नेहा अहिरवार, रश्मि कुशवाहा देवका विश्वकर्मा प्रीति केसरवानी उपस्थिति रहीं.



### ग्रामीण स्कूलों पर लगे अतिरिक्त कर का विरोध

**ललितपुर.** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को जिला पंचायत द्वारा जारी किए जा रहे विद्यालय लाइसेंस/लाइसेंस नवीनीकरण संबंधी नोटिसों के विरोध में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया. अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 400-500 निजी विद्यालय सीमित संसाधनों के बीच बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं. ऐसे में विद्यालयों पर जिला परिषद द्वारा 6,000 वार्षिक कर लगाए जाने तथा लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालने से विद्यालय संचालकों में चिंता एवं असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है.

# धर्म का उद्देश्य आत्म कल्याण

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त. भाग्योदय तीर्थ में विराजमान निर्यापक मुनिश्री अभय सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य का जीवन अनेक प्रकार की परिस्थितियों से होकर गुजरता है. कभी सुख मिलता है, कभी दु:ख आता है, कभी विपरीत परिस्थितियां उसे भीतर तक झकझोर देती हैं.**


मुनिश्री ने कहा कि धर्म का उद्देश्य भोगों की प्राप्ति नहीं, बल्कि कर्मों की निर्जरा और आत्मकल्याण है. मुनिश्री ने कहा कि यदि धर्म की आराधना केवल भोग प्राप्त करने के लिए की जा रही है, तो हमने धर्म के वास्तविक स्वरूप को अभी समझा ही नहीं है. मुनिश्री ने कहा कि हमें भावना रखनी चाहिए, हे भगवान मेरा अशुभ उपयोग दूर हो,मेरा जीवन शुभ उपयोग में लगे और अनंतकाल से आत्मा के साथ बंधे कर्मों का क्षय हो. संसार में मनुष्य अक्सर अपने दु:ख से कम और दूसरे के सुख से अधिक दुखी होता है, किसी पड़ोसी ने बड़ा मकान बना लिया तो उसे देखकर अपने छोटे मकान का दु:ख होने लगता है. जबकि सच्चा साधक अपने सुख-दु:ख से ऊपर उठकर आत्मा के कल्याण की ओर देखता है.

# नशीली दवाएं मिलने पर मेडीकल लाइसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त. ड्रग इंस्पेक्टर सागर श्रीमती सोनम जैन विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया. जिसके तहत नशीली दवाओं में संलिप्तता पाए जाने सहित नियमों का उल्लंघन पर मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निरस्त किया गए.**

ऋषभ इंटरप्राइजेज मेडिकल में नशीली दवाओं में संलिप्तता पाए जाने पर मेडिकल का लाइसेंस निरस्त किया गया है. आईटीआई के सामने संचालित विष्णु मेडिकल का निरीक्षण के दौरान



दुकान का संचालन नहीं पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त किया गया. फार्मासिस्ट के बिना दुकान का संचालन पाए जाने पर संवृद्धि मेडिकल का लाइसेंस 7 दिवस के लिए निलंबित किया गया है. विगत माह औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सागर जिले के 13 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित किए गए थे.

पटेल मेडिकल, विजय टॉकीज रोड के निरीक्षण के दौरान एबिल वायल 10 एमएल के क्रय-विक्रय के दस्तावेजों में गड़बड़ी पाए जाने पर दुकान का निरीक्षण किया गया. मेडिकल संचालक को 3 दिवस में नारकोटिक्स दवाओं एवं के दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी, नमूने जांच के लिए औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जाएंगे.

## लाजपतपुरा वार्ड में उपचुनाव 29 सितंबर को

**सागर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है. जिसके तहत वार्ड क्रमांक 11 लाजपतपुरा वार्ड में मतदान 29 सितम्बर को होगा. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 सितम्बर 2026 से शुरू होगा. नाम निर्देशन पत्र 15 सितम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 सितम्बर को होगी. अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितम्बर है. इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा. नगरीय निकायों में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा.

# पटना बुजुर्ग में सीपीआर का मेगा प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त. आईएमए, और आईएसए के तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पटना बुजुर्ग में टीबी जांच एवं जागरूकता शिविर और सीपीआर का मेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि जिले में 247 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं. डॉ. साद ने कहा कि लंबे समय से खांसी, बुखार, वजन कम होना, रात में पसीना आना और भूख कम लगना जैसे लक्षण होने पर टीबी की जांच जरूर



करानी चाहिए. समय पर जांच और इलाज से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और संक्रमण को फैलने से भी रोका जा सकता है.

शिविर में 47 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई. जांच के दौरान 3 लोगों में टीबी के संभावित लक्षण पाए गए. उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए चिन्हित किया गया. वहीं 2 नए मधुमेह रोगियों की भी पहचान हुई.

इस दौरान डॉ. अजय सिंह, डॉ. आरिफ कुरैशी, डॉ. अभय, रविकांत अहीरवार, रजनी,आयुषी शुक्ला मौजूद रहीं.

## चांदामऊ में हुई चोरी

**सागर.** जरुआखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के चांदामऊ गांव में एक मकान को चोरों ने निशाना बनाया. बदमाश लोहे की खिड़की काटकर घर के भीतर दाखिल हुए और कमरे में रखी दो अलमारियों से सोने-चांदी के जेवरात व करीब 60 हजार रुपए नकद लेकर भाग निकले. परिवार को चोरी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. चौकी प्रभारी अनिल कुजूर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने मामले की जांच के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया. मकान मालिक खिलान पटेल के अनुसार, रात के समय अज्ञात चोरों ने घर की लोहे की खिड़की को काटकर प्रवेश किया गया.

# बीना से अयोध्या यात्रा आज से

नवभारत न्यूज

**बीना 31 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व जिला संगठन मंत्री एवं जनपद सदस्य पीपी नायक ने पत्रकार वार्ता में अयोध्या राम मंदिर में चंदा घोटाले का आरोप लगाते हुए 1 सितंबर से बीना से अयोध्या यात्रा निकालने की घोषणा की.**

पत्रकार वार्ता में सतीश तिवारी एड. हरिनारायण कुशवाहा मौजूद रहे. पी.पी. नायक ने कहा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के नाम पर सत्ता में काबिज होने के बाद भाजपा द्वारा अयोध्या मंदिर में चंदे की चोरी की गई है. उन्होंने बताया कि रामलला के दर्शन और अयोध्या में हुई कथित चोरी के विरोध में ज्ञापन देने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है. यात्रा का रूट यह यात्रा 1 सितंबर को सुबह 10 बजे बीना के कटरा धाम से प्रारंभ होगी. कटरा से अंबेडकर तिराहा, सर्वोदय चौराहा, गांधी तिराहा, महावीर चौक, जागेश्वरी मंदिर, कच्चा रोड, थाने के पीछे से मारुति मंदिर होते हुए खुरई, सागर, बंडा बड़ामलहरा, जटाशंकर, बागेश्वर धाम, पन्ना, चित्रकूट, रायबरेली होते हुए अयोध्या धाम पहुंचेगी. उन्होने कहा कि अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम से प्रार्थना करेंगे कि ऐसे भ्रष्ट, निकम्मे और चंदा चोरों को सबक सिखाएं.



# चल समारोह : समरसता का संदेश

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त. भारत की लोक आस्था और वीर परंपरा में देवश्री गोगा जी महाराज का विशेष स्थान है. श्रद्धालु उन्हें जाहरवीर गोगाजी, गोगा पीर और लोकदेवता के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं.**

दिव्य चल समारोह आयोजित किया गया. समारोह में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर देवश्री गोगा जी महाराज के जयकारों के साथ अपनी आस्था प्रकट की.सनातन धर्म प्रचार सेवा मंडल, देवश्री गोगाजी युवा समिति द्वारा यातायात चौकी के बाजू में मंच पर मुख्य अतिथि अभिराज सिंह युवा भाजपा नेता, सांसद पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, विभाग प्रचारक राजू, अभिषेक रजक, लक्ष्मण सिंह, मिश्रीचंद्र गुप्ता, यशवंत करोसिया, जगदीश जारोलिया, कौशल यादव, सरवन करोसिया, अशोक भारती, मुन्नालाल चुटीले, सूरज मछंदर, नरेश सनकत, वीरेंद्र करोसिया, कमलेश चुटीले, सोनू चुटीले, सुनील बोहत, विनय सोदिया, राकेश चुटीले मौजूद थे.

# जो अपनी भूलों को गुरु की आज्ञानुसार सुधारता है, वही आत्मा से परमात्मा बनने की दिशा में आगे बढ़ता है

नवभारत न्यूज

**सागर 31 अगस्त .वर्धमान कॉलोनी में वर्षा योग कर रहे मुनिश्री पद्म सागर महाराज ने कहा कि सम्यक ज्ञान प्राप्त करने के लिए जीव को गुरु के समक्ष हमेशा कोरी स्लेट बनकर आना चाहिए. जब तक हम अपनी पुरानी गलत अवधारणाओं और मिथ्या संस्कारों को मिटाएंगे नहीं, तब तक सम्यक ज्ञान का आधार संभव नहीं है.**

मुनिश्री ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी गलती जानकर भी उसमें सुधार नहीं करता, वह शैतान के समान है. इसके विपरीत, जो अपनी भूलों को स्वीकार कर आगम और गुरु की आज्ञानुसार उन्हें सुधारता है, वही आत्मा से परमात्मा बनने की दिशा में आगे




बढ़ता है. मुनिश्री ने सम्यक दर्शन को दूषित करने वाली तीन मूढ़ताओं—लोक मूढ़ता, देव मूढ़ता, और गुरु मूढ़ता का विस्तार से वर्णन किया. आगम और विवेक के विरुद्ध किए जाने वाले रूढ़िवादी कार्यों को लोक मूढ़ता कहा गया है. महाराज जी ने तर्क दिया कि यदि जल में नहाने मात्र से मोक्ष या पापों से मुक्ति मिलती, तो जल में रहने वाले समस्त जलचर जीव कब के मुक्त हो चुके होते. मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि जैन धर्म के प्रत्येक कार्य के पीछे एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक कारण होता है. इस अवसर पर विशेष उपस्थिति में दो मुनिराज एवं क्षुल्लकतात्पर्य सागर महाराज, मंदिर कमेटी, वर्तमान नवयुवक मंडल मौजूद रहे.


**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त शाहपुर उप तहसील शाहपुर जिला सागर म.प्र.**

क्रमांक/रीडर/2025-26/ सागर दिनांक : 20.8.2026

रा.प्र.क्र./001/अ-20(3)-2025-26

मौजा-शाहपुर तहसील सागर

1. कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सागर निवासी-सागर तहसील व जिला सागर------आवेदक

विरुद्ध

1. म.प्र. शासन------------------अनावेदक

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सागर साकिन सागर तहसील व जिला सागर के द्वारा ग्राम शाहपुर प.ह.नं. 107 स्थित भूमि खसरा नंबर 1731 रकबा 1.73 हे. में से 0.02 हे. भूमि आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु आवंटित किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः ग्राम शाहपुर प.ह.नं. 107 स्थित भूमि खसरा नंबर 1731 रकबा 1.73 हे. में से 0.02 हे. भूमि आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु आवंटित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था विशेष को कोई उजर आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेशी 09.09.2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। पेशी निकल जाने के उपरांत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**जारी दिनांक : 20.8.2026**

**पेशी दिनांक : 09.09.2026**

नायब तहसीलदार

वृत्त शाहपुर उप तह.शाहपुर

जिला सागर म.प्र.


# रक्षासूत्र बांधकर परमात्मा का दिव्य संदेश

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 31 अगस्त. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन द्वारा आयोजित विशेष रक्षाबंधन कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने विधायक रामरतन कुशवाहा, सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार एवं अन्य अधिकारियों तथा अमित सोनी महामंत्री प्रेस क्लब के साथ सभी पत्रकार बंधुओं को रक्षासूत्र बांधकर परमात्मा का दिव्य संदेश दिया.**

इस अवसर पर विधायक एवं सदर क्षेत्राधिकारी ने ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा समाज में किए जा रहे आध्यात्मिक, नैतिक एवं



जनसेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की. कार्यक्रम में प्रेस क्लब अजीत जैन भारती कार्यालय प्रभारी, राहुल जैन, पुष्पा झां, संजना सिंह, अनुराग विदुआ, आशीष तिवारी, निहाल सेन, आलोक खरे, कमलेश साहू, सुनील जैन, भगवान सिंह, अमित लखेरा, अशफाक, शिब्बू राठौर, रमेश पत्रकार उपस्थित रहे.

ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि राखी केवल धागा नहीं, बल्कि परमात्मा से आत्मिक सुरक्षा, पवित्रता और विकारों से मुक्त जीवन का दिव्य संकल्प है.

# सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 31 अगस्त. प्राथमिक शाला मानकी सलैया में पदस्थ शिक्षक प्रकाश अहिरवार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया.**

उन्होंने बस स्टैंड स्थित डॉ. बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया. इस मौके पर संकुल प्राचार्य राजकुमार कपूर, राजेंद्रसिंह गुर्जर, विनोद ताम्रकार, राघवेंद्र गौर, ऋषिराज कुशवाहा, इरफान सिद्दीक, गनपतसिंह गौर, घनश्याम कोरी, संगीता कोरी, विपिन श्रीपात्री आदि मौजूद थे.


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी जैसीनगर सागर म.प्र.**

रा.प्र.क्र./0001/ब-113/25-26

ग्राम मूडरी तहसील जैसीनगर

इश्तहार

एतद द्वारा ग्राम मूडरी तहसील जैसीनगर जिला सागर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीतेश वल्द सुशील भंडारी साकिन परकोटा वार्ड सागर द्वारा ग्राम मूडरी में स्थित भूमि ख.नं. 197 रकबा 5.07 हे.के खातेदार श्री देव हनुमान जी स्वामी बाके मुहतमकार अंबिका प्रसाद बल्द रगवर भंडारी के फौत होने से वारिस हक पर नाम दर्ज किया जाने बावत् आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10.09.2026 के पूर्व अपने अभिभाषक या स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। वाद गुजरने म्याद के किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

**पेशी दिनांक : 10.09.2026**

**जारी दिनांक : 18.8.2026**

(नवीन सिंह ठाकुर)

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)

अनुभाग जैसीनगर जिला सागर